भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आयोजित 'प्रयोगशालाओं की क्षमता और उनकी प्रबंधन प्रणाली' से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम में 17 देशों के 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया

Posted On: 27 FEB 2023 3:09PM by PIB Delhi

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के प्रशिक्षण विंग राष्ट्रीय मानकीकरण प्रशिक्षण संस्थान (एनआईटीएस) द्वारा 'प्रयोगशालाओं की क्षमता और उनकी प्रबंधन प्रणाली' विषय पर आयोजित किये गए 13वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से अफ्रीकी, कैरिबियन और एशियाई क्षेत्रों से 17 देशों के 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

3 सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम नोएडा के राष्ट्रीय मानकीकरण प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को ‘आईएसओ/आईईसी – 17025:2017 परीक्षण एवं जांच प्रयोगशालाओं की स्थापन क्षमता हेतु सामान्य आवश्यकताओं और संसाधन जरूरतों’ के साथ-साथ प्रवीणता परीक्षण, जोखिम प्रबंधन, कानूनी मेट्रोलॉजी, जांच, मापन अनिश्चितता व अच्छी प्रयोगशाला कार्य प्रणालियों आदि की अपेक्षा से अवगत कराया गया; इसके अलावा प्रतिभागियों को प्रयोगशालाओं के दौरे के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया गया।

राष्ट्रीय मानकीकरण प्रशिक्षण संस्थान को मानकीकरण एवं अनुरूपता मूल्यांकन के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण प्रदान करने वाला प्रमुख संस्थान माना जाता है। यह संस्थान भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के आईटीईसी कार्यक्रम के तहत 1968 से हर वर्ष एशिया, अफ्रीका, यूरोप और लैटिन अमेरिका के विकासशील देशों के लिए मानकीकरण तथा गुणवत्ता आश्वासन पर अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

बीआईएस द्वारा क्रमशः 2004 और 2011 से एनआईटीएस के माध्यम से प्रबंधन प्रणालियों तथा प्रयोगशाला गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

14 नवंबर, 2022 से 9 दिसंबर, 2022 तक आयोजित मानकीकरण एवं अनुरूपता मूल्यांकन पर 53वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी 14 देशों की भागीदारी हुई थी।

****

एमजी/एमएस/एआर/एनके

(Release ID: 1902787) Visitor Counter : 65

Read this release in: English , Urdu , Punjabi , Tamil , Telugu